पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

चित्रकूट। मैहर देवी दर्शन के लिए पैदल जा रहे तीन श्रद्धालुओं को गुरुवार तड़के करीब पांच बजे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महेश और धनपत उछलकर सड़क से दूर जा गिरे। जबकि ललित यादव की मौके पर ही मौत हो गयी। दोनों घायलों को मझगवां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना मध्य प्रदेश जिला सतना थाना मझगवां के मिचकुरिन घाटी की है। नारायणपुर गांव निवासी श्याम यादव ने बताया कि गांव के युवक हर साल नवरात्र में पैदल मैहर देवी दर्शन के लिए जाते हैं। इस बार भी ललित यादव (२०), महेश (२१), धनपत (१९) बुधवार सुबह करीब सात बजे गांव से पैदल निकले थे। सभी गुप्त गोदावरी होते हुए मैहर जा रहे थे। गुरुवार तड़के उन्होंने आगे की यात्रा शुरू की। मिचकुरिन घाटी के पास चित्रकूट की ओर से सतना जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने तीनों को टक्कर मार दी। महेश और धनपत टक्कर लगने से छिटककर दूर जा गिरे। वहीं ललित पर वाहन का पहिया उसके ऊपर से निकलने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। ललित इंटर का छात्र था और दो बहनों के बीच परिवार का इकलौता बेटा था। पिता राजकरन दुकान पर नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

महाबुलिया विसर्जन के लिए गये तीन बच्चे नदी में डूबे, दो बचाये गये, एक लापता

चित्रकूट। पितृपक्ष में महाबुलिया विसर्जन के लिए बुधवार शाम ओरा गांव के आठ बच्चे बागे नदी के नाव घाट पहुंचे। विसर्जन के दौरान तीन बच्चे पानी में फिसलकर गहराई में चले गये और डूबने लगे। एक ग्रामीण ने नदी में उतरकर दो बच्चों को बचा लिया। जबकि नौ वर्षीय शिवम का पता नहीं चल सका। बताया गया कि अनिल मिश्रा का इकलौता बेटा शिवम, उसकी बहन और पड़ोसी प्राची विसर्जन के दौरान नदी में डूबने लगे। अन्य बच्चों की मदद की गुहार सुनकर पास में मौजूद गांव के लेखपाल वर्मा और ननकौना नदी में कूदे। उन्होंने प्राची और बेटू को सकुशल बचा लिया, लेकिन शिवम की तलाश जारी है। परिजन और ग्रामीण नदी में तलाश कर रहे हैं।

बुखार से बालक एवं अधेड़ की मौत

चित्रकूट। मुख्यालय के तरौंहा निवासी मिनाज रईस ने बताया कि उसका छह साल का पुत्र उबेश कई दिनों से बुखार से ग्रसित था। गुरुवार को ज्यादा हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन उसकी मौत हो गयी। नई दुनिया बनकट गांव निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसके पिता फूलचंद्र (४८) को तीन दिन से बुखार था। इसके बाद बुधवार को उन्हें श्वास लेने में दिक्कत होने लगी। गुरुवार की सुबह उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।



कलेक्ट्रेट परिसर में चिकित्सा प्रतिपूर्ति की समस्याओं को लेकर बैठक करते पेंशनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी।

बाइक से गिरी महिला की मौत, दो घायल

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र के अरवारा गांव निवासी रामकुमार पुत्र सुग्गा अपनी मां लिछिया पत्नी सुग्गा (५३) के इलाज के लिए मंझनपुर जा रहे थे। उनके साथ कृष्णा पुत्र भानु प्रताप भी था। बाइक कृष्णा चला रहा था। तीनों एक ही बाइक से मंझनपुर की ओर जा रहे थे। करीब ११ बजे जैसे ही वे कौशांबी जिले के बैरागीपुर के पास पहुंचे अचानक सामने से कुत्ता आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर गये। हादसे में लिछिया को गंभीर चोटें आईं। जबकि बाइक चालक कृष्णा को मामूली चोट लगी। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों को राजापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने लिछिया को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल से मिली मेमो सूचना के आधार पर कस्बा राजापुर चौकी प्रभारी रविंद्र कटियार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए कर्वी भेज दिया।

चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयक न लेने पर भड़के पेंशनर्स, आंदोलनकी चेतावनी

जौनपुर। सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर्स भवन में जिलाध्यक्ष सी.बी. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति देयकों के तकनीकी परीक्षण पर रोक लगाए जाने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया गया।अध्यक्ष सी.बी. सिंह ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि ३० सितंबर तक आफलाइन और १ अक्तूबर से आनलाइन एवं आफलाइन दोनों माध्यमों से प्रतिपूर्ति देयक स्वीकार किये जाएं। इसके बावजूद सीएमओ स्तर से २५ सितंबर से ही बिल स्वीकार करना बंद कर दिया गया है, जो शासनादेश का सीधा उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि व्यवस्था तत्काल बहाल नहीं हुई तो पेंशनर्स धरना-प्रदर्शन एवं अनशन करने को बाध्य होंगे। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार से आठवें वेतन आयोग में पेंशनर्स के टर्म्स आफ रेफरेंस को शामिल करने की मांग की। बैठक का संचालन जिला मंत्री कृपाशंकर उपाध्याय ने किया।

पुस्तकालय में १७२ पुस्तकों के लिए धनराशि स्वीकृति

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने अवगत कराया है कि जनपद में संचालित राजकीय पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विषयवार मानक पाठ्य पुस्तकों की मांग की गयी थी। छात्र-छात्राओं की आवश्यकता एवं अध्ययन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित कुल १७२ मानक पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराई गयी है। पुस्तकों को क्रय कर राजकीय पुस्तकालय में उपलब्ध कराए जाने के लिए जिला राइफल क्लब मद से २ लाख ४१ हजार ६८३ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

दुर्गा पूजा और आगामी त्योहारों की तैयारियां समयबद्ध ढंग से करें पूर्ण-डीएम

कलेक्ट्रेट में जिला शांति समिति की बैठक, गड्ढामुक्त सड़कें, साफ-सफाई एवं सुरक्षा मानकों पर सख्त निर्देश

जौनपुर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में दुर्गा भीड़ नियंत्रण हेतु आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाए। बैठक में एडीएम (वि./रा.), सीआरओ, नगर मजिस्ट्रेट, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। पूजा सहित आगामी पर्वों को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने की रूपरेखा तय की गयी।डीएम ने लोनिवि के अधीक्षण अभियंता को क्षतिग्रस्त सड़कों की पैचिंग प्राथमिकता पर कराने, जल निगम (शहरी) को सीवर एवं खुले मैनहोल तत्काल ढकने और विद्युत विभाग को जर्जर तार एवं पोल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि पूजा पंडालों, प्रमुख मार्गों एवं विसर्जन स्थलों पर जलभराव न होने पाए और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई सुनिश्चित रहे। डीएम ने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र और विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य होगा।

कांग्रेसियों ने विरोध मार्च निकालकर मनाया काला दिवस

चित्रकूट। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जनपद में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में विरोध मार्च निकाला गया। जिस तरह से देश में वर्तमान सरकार वोट चोरी के दम पर बैठी हुई है और जननायक राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं इंडिया गठबंधन विपक्षी सांसदों के साथ बर्ताव किया जा रहा है उसके विरोध में काला दिवस मनाया गया। नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी कचेहरी पार्क से होते हुए धनुष चौराहा, पटेल तिराहा होते हुए तहसील प्रांगण में पहुंचे। धरना देकर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया गया।

धरने को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा जिस तरह से पूरे देश में लोकतंत्र और संविधान को तार-तार किया जा रहा है जनता के द्वारा चुने गये जनप्रतिनिधियों को बोलने नहीं दिया जा रहा धरना प्रदर्शन का अधिकार लोकतंत्र में सभी को दे रखा है लेकिन यह सरकार लोकतंत्र को खत्म कर रही है। जिसकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ लड़ रही है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस नेत्री रंजना पांडेय ने कहा कि जिस तरह से दिल्ली में पुलिस द्वारा प्रियंका गांधी एवं आमजन के साथ दुर्व्यवहार किया देश की जनता देख रही है। जब तक चुनाव आयोग के आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा नहीं हो जाता तब तक संघर्ष सड़कों पर जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो जेल को भरने का काम करेंगे। इस मौके पर सत्यनारायण कोल, शिवगुलाम वर्मा, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, राकेश वर्मा, कामता द्विवेदी, विजयमणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, राबेन्द्र सिंह, अतुल राजपूत, राजेश सिंह, कुलदीप द्विवेदी, नीतू देवी, रामकृपाल वर्मा, जगजाहिर सिंह, वीरेंद्र सिंह, इंद्रपाल कोल, देवनारायण साहू, इंद्रजीत उपाध्याय, प्रशांत गुप्ता, आलोक रंजन, जावेद, दिवाकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

सड़क हादसे में दो शिक्षक घायल

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के कर्वी पहाड़ी मार्ग की सड़क पर गुरुवार की सुबह एक गडढे में बाइक फंस गयी। इससे बाइक सवार दो शिक्षक घायल हो गये। कंपोजिट विद्यालय पटना खालसा के प्रधानाचार्य अरुण कुमार और शिक्षक शशीकांत पांडेय बाइक से कर्वी से स्कूल जा रहे थे। बताया जैसे की नई दुनिया के आगे निकले तो सड़क पर एक गडढे में उनकी बाइक का अगला पहिया जाते ही बाइक पलट गयी। इससे दोनों गिरकर घायल हो गये। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसपी ने एएचटीयू की मासिक गोष्ठी में बताये नियम कानून

चित्रकूट। राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में एसपी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्राधिकारी कार्यालय, यातायात करिश्मा गुप्ता की उपस्थिति में विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी हुई।गोष्ठी में समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालक तथा पीड़ित की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, नगर निकाय, नगर पालिका या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। बाल कल्याण इकाई को बताया गया कि यदि कोई नाबालिग पीड़ित, पीड़िता है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराया गया। पीड़िता का तत्काल समयसीम के अन्दर विधि के अनुरुप मेडिकल परीक्षण कराया जाये तथा आर्थित रुप से कमजोर पीड़िताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें। इकाई के कार्यों एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बाल विवाह पर रोक लगाया जाये तथा जनपदीय गठित टीम द्वारा भ्रमण कर बालकों से कराये जा रहे श्रम को प्रतिबंधित कराया जाये। जिनके द्वारा श्रम कराया जा रहा है उनके विरुद्ध विधिक कारवाई करायी जाये। जिला प्रोबेसन अधिकारी ने बताया कि विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों से अपराधी के तरह व्यवहार न करें। सभी बाल कल्याण अधिकारी एवं सदस्यों को बताया गया कि गुमशुदा बच्चों के बरामद होने के बाद उन्हे इकाई के सुपुर्द करें। इकाई बच्चे के परिजनों की पहचान कर उनके सुपुर्द करेगी। यदि कोई नाबालिग आत्महत्या का प्रयास करता है तो पुलिस ऐसे बच्चो को इकाई के सुपुर्द करें एवं काउंसलिंग के पश्चात जानकारी करें कि उनके द्वारा ऐसा प्रयास क्यों किया गया है। इसके बाद ही परिजनों के सुपुर्द किया जाये। गोष्ठी में सीएमओ डा महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बाल संरक्षण अधिकारी सौरभ सिंह, महिला एवं बाल सुरक्षा संघटन प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय एवं जनपद के बाल संरक्षण से सम्बन्धित अन्य विभागों के सदस्य एवं अधिकारी, कर्मचारी तथा समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रैक्टर से गिरकर किशोर घायल

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के जरिहा गांव निवासी हरीओम (१४) ट्रैक्टर पर चढ़ते समय फिसलने से गिरकर घायल हो गया। उसके पिता सूरजभान ने बताया कि उसके खेत की जोतायी हो रही थी। इसी समय उसका पुत्र खेत में पहुंच कर जोतायी कर रहे ट्रैक्टर पर चढ़ने का प्रयास किया लेकिन नीचे गिरकर घायल हुआ। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.-MECH-ONF-CCTV-GMC-DER-26 दिनांक : 07.10.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (ओ. & एफ.), उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए पर्याप्त अनुभव और वित्तीय क्षमता वाले प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र में खुली ई-निविदाएँ, निविदा समाप्ति तिथि के **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण इस प्रकार है-

ई-निविदा सूचना सं.: MECH-ONF-CCTV-GMC-DER-26, **कार्य का नामः** GMC और DER डिपो में CCTV सर्विलांस सिस्टम की व्यवस्था का कार्य।	
निविदा मूल्य : ₹ 32,31,525.00	**बोली सुरक्षा/बयाना राशि :** ₹ 64,700.00
निविदा प्रणालीः एकल पैकेट सिस्टम	**ई-निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य
कार्य अवधि : छः माह	**IREPS वेबसाइट पर प्रकाशन की तिथि :** 07.10.2026
निविदा बंद होने की तिथि : 02.11.2026, 12:00 बजे।	

नोटः (1) उपरोक्त ई-निविदाओं की निविदा पुस्तिका सहित संपूर्ण जानकारी प्रकाशन की तिथि से IRPES वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी। **(2)** ऑनलाइन ई-निविदा केवल IRPES वेबसाइट पर निविदा समापन की नियत तिथि को **12:00** बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। **(3)** उपरोक्त निविदाओं के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियां स्वीकार नहीं की जाएगी। **(4) न्यूनतम पात्रता मानदंडः इस निविदा में लागू नहीं है। (5)** किसी भी कठिनाई के मामले में IRPES की वेबसाइट (https://www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। **2294/26 (MG)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

मिर्ज़ापुर-उतरेटिया अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों/श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विन्ध्याचल में **शारदीय नवरात्रि मेला** के शुभ अवसर पर गाड़ी सं. **04129/04130** मिर्ज़ापुर-उतरेटिया अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04129 मिर्ज़ापुर-उतरेटिया			गाड़ी सं. 04130 उतरेटिया-मिर्ज़ापुर	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
--	16:05	मिर्ज़ापुर	08:30	--
16:13	16:18	विन्ध्याचल	07:45	07:50
16:53	16:55	मेजा रोड	06:35	06:37
17:25	17:27	नैनी	06:08	06:10
18:10	18:40	प्रयागराज जं.	05:25	05:55
19:00	19:02	प्रयाग	05:03	05:05
19:45	19:47	कुण्डाहरनामगंज	03:15	03:17
20:15	20:17	ऊँचाहार	02:43	02:45
21:03	21:05	रायबरेली	02:03	02:05
21:42	21:44	बछरावाँ	01:32	01:34
23:10	--	उतरेटिया	--	01:00

मिर्ज़ापुर सेः गाड़ी सं. **04129**, दिनांकः **11.10.2026** से **26.10.2026** तक एवं **उतरेटिया सेः** गाड़ी सं. **04130**, दिनांकः **12.10.2026** से **27.10.2026** तक।

गाड़ी संरचना : 12 कोच (मेमू)

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in 2299/26 (PH)

वाहन की टक्कर से बाइक पर बैठी मां की मौत, बेटा घायल

चित्रकूट। सदर कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ी मार्ग पर चकजाफर गांव के पास बुधवार की शाम करीब सात बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों ने एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान मां की मौत हो गयी।सरधुवा थाना क्षेत्र के अर्की गांव निवासी भूपेंद्र उर्फ रज्जू (४०) अपनी मां इंद्रवती देवी (७२) को बाइक से कर्वी से गांव लेकर जा रहा था। जैसे ही वह चकजाफर के पास पीछे से तेज रफ्तार वाहन ने बाइक पर टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गये। ग्रामीणों ने तत्काल १०८ एंबुलेंस बुलाकर घायलों को जिला अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने इंद्रवती देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि भूपेंद्र का उपचार चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उसने हेलमेट नहीं पहना था। कोतवाल अभयराज सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

कुत्ते के हमले से देवर-भाभी घायल

चित्रकूट। खेत में काम कर रहे देवर-भाभी पर अचानक कुत्ते ने हमला बोल दिया। कुत्ते के हमले से दोनों घायल हो गये।

आसपास मौजूद ग्रामीणों ने लाठी डंडे लेकर किसी तरह कुत्ते को खदेड़ा। घायलों को आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर पहुंचाया गया। जहां उनका उपचार कराया गया। मानिकपुर ब्लाक के रानीपुर कल्याणगढ़ गांव में गुरुवार को खेत में काम कर रहे देवर-भाभी पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से दोनों में चीखपुकार मच गयी। आसपास खेतों में मौजूद ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और लाठी डंडे लेकर कुत्ते को खदेड़ा। बताया गया कि रानीपुर कल्याणगढ़ निवासी मिश्रीलाल प्रजापति की पत्नी रानी देवी और उनके देवर नीलम खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक कुत्ते ने अचानक दोनों पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले में दोनों घायल हो गये।

टीला धंसने से चाची-भतीजी दबे, अस्पताल में भर्ती

चित्रकूट। पहाड़ी थाना क्षेत्र के कहेटा माफी गांव में गुरुवार सुबह करीब आठ बजे मिट्टी लेने गईं चाची-भतीजी टीला धंसने से दब गईं। चीख सुनकर ग्रामीणों ने मिट्टी हटाकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। गांव के पूर्व प्रधान रामकिशोर की पुत्री एवं छोटे भाई की पत्नी मंदाकिनी नदी पुल के पास बनी गहरी खदान में घर की मरम्मत के लिए मिट्टी खोद रही थीं। महिलाओं ने काफी गहराई तक सेंध बना रखी थी। उसी के अंदर बैठकर खुदाई के दौरान ऊपर का टीला भरभरा कर गिर गया।ग्रामीणों ने हाथों एवं फावड़ों से बचाव कार्य कर दोनों को बाहर निकाला। दोनों को अंदरूनी चोटें आई हैं, सीएचसी पहाड़ी में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निशिकांत राय ने बताया कि बारिश से कच्चे मकानों को नुकसान के बाद महिलाएं त्योहार से पहले मरम्मत के लिए मिट्टी लेने जाती हैं।

मांगों को लेकर संविदा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

चित्रकूट। नियमितीकरण और समान कार्य के लिए समान वेतन सहित दो प्रमुख मांगों को लेकर गुरुवार को उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ जिला इकाई ने प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सीएमओ को सौंपकर निराकरण कराने की मांग की। कार्य बहिष्कार कर संविदाकर्मियों ने प्रदर्शन किया। ज्ञापन में कहा कि समान कार्य समान वेतन की काररवाई पूर्ण होने तक संविदाकर्मियों को मिल रहे वेतन में तत्काल वृद्धि करके सम्मानजनक राशि दी जाए। संविदाकर्मी और उसके आश्रित परिवार के सदस्यों को १० लाख का कैशलेस हेल्थ इंश्यूरेंस चिकित्सा सुविधा दी जाये, अन्य राज्यों में यह सुविधा मिल रही है। सेवाकाल में कर्मी की मौत पर आश्रित की अनुकंपा नियुक्ति करने, आउटसोर्स कार्मिकों का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन, नियमित पदों की भर्तियों में एनएचएम कर्मियों का २५ प्रतिशत कोटा निधारित करने की मांग की। अध्यक्ष डा विवेक प्रताप सिंह, डा पवन सिंह, डा सुधीर सिंह, जिला मंत्री शंकरदीन, शादाब हुसैन, महेंद्र त्रिपाठी, चंद्रप्रकाश आदि रहे।

हनुमान मंदिर से घंटा, दानपात्र एवं पीतल के बर्तन चोरी

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत राईपुर में प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बुधवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर मंदिर का पीतल का भारी घंटा, पूजा-अर्चना के बर्तन और दानपात्र उठा ले गये।गुरुवार सुबह जब मंदिर के पुजारी विक्रम गिरी पूजा करने पहुंचे, तो सारा सामान गायब देख सन्न रह गये। पुजारी के शोर मचाने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। सूचना पर डायल-११२ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	श्यामलाल/ राजेश कुमार/ सुमन/ LBALD00006185536/ LBALD00006186548	मकान नंबर 98एफ/12ए/3एस आराजी नंबर 292/1 मिन मौजा जहाँगीराबाद उपरहार, परगना अरैल, तहसील करछना, जिला प्रयागराज, उत्तर प्रदेश- 211001/ अक्टूबर 06, 2026	जुलाई 17, 2026 रु. 42,29,061.29/-	प्रयागराज

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यों) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : अक्टूबर 09, 2026 **भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : प्रयागराज **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए**

शिवपुर क्लबका जीतके साथ सीरीजपर कब्जा

संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर -१२ क्रिकेट सीरीज



शिवपुर क्रिकेट क्लब ने संजय मेहरोत्रा स्मारक अंडर-१२ क्रिकेट सीरीज के अंतिम मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को १३७ रन से हराकर सीरीज को अपने नाम किए हैं। गुरुवार को डीएवी कालेज मैदान पर टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शिवपुर क्रिकेट क्लब ने तीस ओवर में २१६ रन (विराट श्रीवास्तव ५६, अर्श यदुवंशी ४३, अंश कुमार ४१, अर्नव सिंह २४ रन, गौरव १/२३, पार्थ यदुवंशी १/२५, अभियान पाल व समर एक-एक विकेट) पर बनाए। जवाब में प्रयाग क्रिकेट कूब की पूरी टीम १८.३ ओवर में महज ७९ रन (रिंकू पाल २४ रन, ईश्वत सिंह ३/०६, अंश सिंह २/११, विराट श्रीवास्तव एवं आदित्य एक - एक विकेट) पर सिमट गई।

प्रशिक्षु विहान राजका यूपी अंडर-२३ कैंपमें चयन

प्रयागराज खेल

दौलत हुसैन क्रिकेट कूब के प्रतिभावान मध्यम गति के गेंदबाज विहान राज का उत्तर प्रदेश अंडर-२३ क्रिकेट कैंप के लिए चयन हुआ है। लूकरगंज निवासी आलोक राज के पुत्र विहान ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा कानपुर में आयोजित चयन मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए दो मैचों में कुल सात विकेट हासिल किए। विहान ने पहले चयन मैच में तीन ओवर गेंदबाजी करते हुए १८ रन देकर चार विकेट झटके, जबकि दूसरे मैच में चार ओवर में महज १५ रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। दो मैचों में सात विकेट के इस प्रदर्शन के साथ वह चयन मैचों में गेंदबाजों के बीच सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ियों में रहे। विहान राज दौलत हुसैन क्रिकेट अकादमी में मुख्य कोच मोहम्मद रिजवान के मार्गदर्शन में दौलत हुसैन मैदान पर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।



उनके शानदार प्रदर्शन और चयन से अकादमी में खुशी का माहौल है। विहान के चयन पर पूर्व दिलीप ट्राफी एवं रणजी ट्राफी खिलाड़ी असलम अली, पूर्व रणजी ट्राफी खिलाड़ी जावेद खान, दौलत हुसैन क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद शहाब, दौलत हुसैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जमीलुर्रहमान, शमशेर अली खान (पूर्व इविवि क्रिकेट कप्तान), मनीष यादव, देवेश मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी एवं अमित शर्मा सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुए विहान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

नीलम करवरिया कप: फाइनल जीतनेवाली टीमको मिलेगा एक लाख

आठ दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिताका कलसे केपी कालेज मैदानमें होगा आगाज, १२ विधानसभा क्षेत्रों की टीमें होंगी आमने-सामने



नीलम करवरिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण का आगाज १० अक्तूबर से केपी कालेज मैदान पर होने जा रहा है। १० से १७ अक्तूबर तक चलने वाली इस आठ दिवसीय प्रतियोगिता में प्रयागराज की सभी १२ विधानसभा क्षेत्रों-शहर उत्तरी, शहर दक्षिणी, शहर पश्चिमी, फाफामऊ, सोरांव, फूलपुर, प्रतापपुर, हंडिया, मेजा, करछना, कोरांव और बारा-की टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी।आयोजन सचिव सक्षम करवरिया ने गुरुवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्राफी के साथ एक लाख रुपये इनामी राशि और उपविजेता टीम को ट्राफी एवं ६० हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा 'मैन आफ द टूर्नामेंट' को २० हजार रुपये, 'बेस्ट बैटर' एवं 'बेस्ट बालर-फील्डर' को १०-१० हजार रुपये तथा प्रत्येक मैच के 'मैन आफ द मैच' को दो हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में इस बार अंपायर्स एवं स्कोरर को गठित किया गया है। जिसमें शिशिर मेहरोत्रा, धीरज अवस्थी, हितेश श्रीवास्तव, राहुल सिंह एवं अरुण कुमार और मो. आरिफ को अंपायर और प्रितेश सोनकर, अंकित पाण्डेय एवं मो. सैफ को स्कोरिंग की भूमिका निभाएंगे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच शहर पश्चिमी एवं सोरांव विधानसभा के बीच खेला जाएगा। जिसका उद्घाटन सुबह ७:३० बजे जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उदयभान करवरिया करेंगे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में देवेश मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी और केबी काला मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति ने मैदान एवं मैच संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

कार्यालय जिलाधिकारी प्रयागराज
(खनन अनुभाग)

पत्रांकः1881/खनिज/2026-27 **ई-निविदा सह ई-नीलामी आमन्त्रण हेतु सूचना** दिनांकः06/10/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है जनपद प्रयागराज में ईमारती पत्थर सैण्ड स्टोन यथा (गिट्टी/बोल्डर/खण्डा) के 01 रिक्त क्षेत्रों को 30प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली-2021 के अध्याय-4 के अन्तर्गत ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से खनन परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु घोषित किया जाता है।
1. क्षेत्र का विवरण :-

क्र. सं.	डी.एस. आर. में अंकित खनन क्षेत्र का एरिया कोड	उपखनिज का नाम	क्षेत्र का विवरण: तहसील	ग्राम	गाटा सं./खण्ड सं.	क्षेत्रफल (हे. में)	Latitude (N)	Longitude (E)	नियमावली 2021 के अनुसूची 1 के अनुसार रायल्टी दर (रू. प्रति घनमीटर)	खनन योग्य निर्धारित उपखनिज की मात्रा (घनमी. प्रथम वर्ष)	प्रथम वर्ष में निर्धारित मात्रा की कुल रायल्टी (रूपयों में) (कालम-11 में अंकित घनमी.को कालम-10 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि)	अर्नेस्टमनी (कालम 12 में अंकित सकल धनराशि का 25 प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1.	1632050403	सैण्ड स्टोन	मेजा	कोहड़ार	1251 व 1253 (खं.सं.-6)	3.845	A 25⁰07'25.25" N B 25⁰07'43.99"N C 25⁰07'39.69"N D 25⁰07'40.78"N E 25⁰07'47.18"N F 25⁰07'48.78" N	81⁰59'29.62"E 81⁰59'33.76"E 81⁰59'31.41"E 81⁰59'29.87"E 81⁰59'26.85"E 81⁰59'26.82"E	140.00	76,900	10766000	2691500

(7) ई-निविदा सह ई-नीलामी की कालयोजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगीः-

प्री बिड ई0एम0डी0 एवं आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि	ई-निविदा से पूर्व एम.एस.टी.सी. में अपेक्षित प्री-बिड ई.एम.डी. एवं आवेदन शुल्क एम.एस.टी.सी. की वेब साईट पर वर्णित दिशा निर्देशों के अनुसार जमा करने शुल्क की जिम्मेदारी बोलीदाता की है एवं बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लें।
प्रेस विज्ञप्ति का दिनांक	प्रथम दिन
प्रथम चरण ई निविदा (ई-टेण्डर) की अवधि	दिनांक 16.10.2026 के पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 21.10.2026 के सायं 05:00 बजे तक
प्रथम चरण में प्राप्त ई-निविदा (बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन	दिनांक 22.10.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे 12:00बजे
द्वितीय चरण की ई-नीलामी की अवधि	दिनांक 22.10.2026 को पूर्वान्ह 12:00 बजे 2:00बजे

एम0एस0टी0सी0 लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) को सेवा प्रदाता के रूप में चयनित किया गया है, जिसके द्वारा राज्य सरकार की ओर से नीलामी की कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। ई-निविदा सह ई-नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी आनलाइन एम0एस0टी0सी0 के ई-ऑक्शन पोर्टल पर अपलोड करा दिया गया है, जिसे सभी सम्बन्धी इच्छुक ई-निविदादाता/ बोलीदाता द्वारा देखा जा सकता है। इच्छुक ई-निविदादाता/बोलीदाता नियमों एवं भार्तो की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में जिलाधिकारी कार्यालय (खनन अनुभाग), प्रयागराज से प्राप्त कर सकते हैं।

(मनीष कुमार वर्मा)
जिलाधिकारी प्रयागराज

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।
upid no.257745 Date : 07.10.2026